THE SALVATION ARMY INTERNATIONAL

# जनरल का क्रिसमस सन्देश 2023

दृश्य जाना-पहचाना था। सजावट से भरपूर गली त्यौहार की रोशनी से जगमगा रही थी, संगीत बज रहा था और बड़े दिन की हर एक चीज़ को बारीकी से देखता हुआ, लोगों का हुजूम साथ साथ चल रह था। बिलकुल आख़िर में एक घर था जो अंधकारमय था, जिसके बाहर वाले आँगन में एक बक्से पर सिर्फ मरियम, युसूफ के साथ यीशु की पैदाइश का दृश्य सजा हुआ था। बहुत से लोगों ने उसे देखने की भी ज़रूरत नहीं समझी। ज़्यादातर लोगों का मानना था कि क्रिसमस का यह प्रदर्शन उनके उस घर तक पहुँचने से पहले ही ख़त्म हो चुका होगा। लेकिन वहां क्रिसमस के ख़ामोश केंद्रबिंदु का एक देखने योग्य चिन्ह था। कोई चमकदार तड़क-भड़क नहीं। बहुत सारी रोशनी और शोर-शराबा नहीं। सिर्फ उस पर शांतिपूर्ण ध्यान जो हमारा उद्धारकर्ता बनने के लिए पैदा हुआ है।

मैं कई बार ताज्जुब करता हूँ कि क्या हमारे लिए क्रिसमस के उस खामोश केंद्रबिंदु को भुला देना वाकई आसान है। जबकि हम क्रिसमस की किसी कहानी की तरफ ग़ौर करते हैं तो संभव है कि हम उसके मुख्य सन्देश को बिलकुल नज़रअंदाज़ कर दें। इंजील को लिखने वाले सभी लेखक यीशु के जन्म का बयान अलग अलग तरीके से पेश करते हैं। कुछ कह सकते हैं कि सिर्फ मत्ती और लूका की इंजील में ही हमें यीशु के जन्म की कहानी मिलती है। लेकिन मैं आपको मशविरा देना चाहता हूँ कि प्रत्येक सुसमाचार अपनी तरफ से ख़ास ज़ोर डालता है।

*मरकुस*- सम्भवतः सुसमाचारों में से सबसे पुराना - इसमें शिशुकाल या पैदाइश की कोई भी कहानी नहीं पाई जाती। इसके बजाय, मरकुस के लिए 'क्रिसमस' शुरूआती शब्दों में संयोजित है, "परमेश्वर के पुत्र यीशु मसीह के सुसमाचार का आरम्भ" (मरकुस 1:1) बिलकुल शुरुआत से ही यीशु को परमेश्वर के पुत्र के रूप में दर्शाया गया है। यही है सु-समाचार।

*यूहन्ना* में भी शिशुकाल या पैदाइश की कोई कहानी नहीं पाई जाती, परन्तु क्रिसमस के केंद्रबिंदु को दर्शाता है जो परमेश्वर के हृदय में आरम्भ हो रहा था। वचन देहधारी हुआ; और अनुग्रह और सच्चाई से परिपूर्ण होकर हमारे बीच में डेरा किया।

*मत्ती* की शुरुआत यीशु मसीह के पूर्वजों के नामों की एक लंबी सूची के साथ होती है। इनको छोड़ देना और इनके महत्व को नजरअंदाज कर देना आसान है। इसमें पाँच महिलाएँ शामिल हैं, जिन्होंने उल्लेखनीय विश्वास का प्रदर्शन किया, बावजूद इसके कि समाज ने उनके साथ कठोरता से न्याय किया होगा। तामार - जो धोखेबाज़ी से अपने ससुर से गर्भवती हुई; राहाब - एक वेश्या जिसने इस्राएली जासूसों की मदद की; रूथ - एक तिरस्कृत विदेशी; बतशेबा - एक व्यभिचारिणी; और मरियम - एक अविवाहित माँ। प्रत्येक यीशु के पारिवारिक इतिहास का हिस्सा थीं। यदि यीशु को बाद में पापियों के साथ पहचाना गया, तो ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि यह 'उसके ख़ून में' था। यीशु हम जैसे लोगों से जुड़ा हुआ है जो - पापपूर्णता और कमजोर मानवता के बावजूद - विश्वास दर्शाते हैं। इसके बाद मत्ती यीशु के इम्मानुएल होने से संबंध जोड़ता है - परमेश्वर हमारे साथ, हमारी मानवता में। यह सब पारंपरिक क्रिसमस पात्रों - मजूसियों - के प्रकट होने से पहले ही घटित होता है। वे उस व्यक्ति को खोजने आते हैं जो राजा बनने के लिए पैदा हुआ है।

*लूका* में हम देखते हैं कि स्वर्गदूत एलान करते हैं कि यीशु उद्धारकर्ता है, जो मसीह प्रभु है। यह सन्देश उन लोगों को नहीं दिया गया था जिनको आप सोचते हैं बल्कि चरवाहों को दिया गया - जिनको अक्सर धर्म से निकाला हुआ माना जाता था, उनके पेशे की वजह से। इन जैसों के लिए ही, जो समाज के हाशिये पर रहते थे, यीशु एक उद्धारकर्ता बन कर आया।

प्रत्येक सुसमाचार क्रिसमस का एक अलग दृष्टिकोण प्रस्तुत करता है। हमारे लिए क्रिसमस की कहानी के आकर्षण के जाल में फंसना बड़ा आसान है। इसमें वे चीज़ें शामिल हो सकती हैं जिनके हम आदी हो गए हैं, जिनका किसी भी सुसमाचार में उल्लेख तक नहीं किया गया है। इसके बजाय हम कभी-कभी क्रिसमस के शांत केंद्रीय बिंदु को नज़रअंदाज़ कर सकते हैं जो पवित्रशास्त्र में बताया गया है।

इस वर्ष, शायद हम फिर से इस बात पर ध्यान केंद्रित कर सकते हैं कि सुसमाचार वास्तव में हमें यीशु के जन्म के बारे में क्या बताते हैं। वह जो पापियों और बहिष्कृत लोगों के लिए आया। वह जो राजा बनने के लिए आया। वह जो इम्मानुएल बनने के लिए आया - परमेश्वर हमारे साथ। वह जो हमारा उद्धारकर्ता बनने के लिए आया। वह जो अनन्त काल से अस्तित्व में है।

वर्ष के इस समय में होने वाली अन्य सभी चीजों के साथ, काश कि हम अपने दिल और दिमाग को क्रिसमस के शांत मुख्य बिंदु पर केंद्रित कर सकें: यीशु कौन है इसकी वास्तविकता को जान सकें। परमेश्वर का पुत्र। अनन्तकालीन वचन देहधारी हुआ। हमारा राजा। इम्मानुएल। हमारा उद्धारकर्ता। मसीह प्रभु।

गीतकार के संग, हम कहते हैं 'हे हमारे प्रभु इम्मानुएल, हमारे पास आइये, हमारे साथ निवास करिए।'

काश परमेश्वर आपको क्रिसमस के इस अवसर पर और आने वाले वर्ष में आशीषित करे ।

**लिंडन बकिंघम**
जनरल